दिन—गुरूवार

दिनांक— 21 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि— 15 मिनट

---

01. राज्य के अधिकांश हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज भी सुपौल, अररिया, दरभंगा, कटिहार और भागलपुर समेत कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

02. आयकर विभाग ने ब्रह्मपुर से राजद विधायक शंभूनाथ सिंह के बिहार और उत्तर प्रदेश स्थित बाईस ठिकानों पर छापेमारी की। पैंतीस लाख रूपये नकद, आभूषण तथा जमीन और निवेश के कई दस्तावेज बरामद।

03. निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रत्यय अमृत को गृह विभाग का नया अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।

04. और, बक्सर जिले के चौसा पावर प्लांट के पास पुलिस और किसानों के बीच हुयी झड़प मामले में बीस आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, कटिहार, बांका और भागलपुर समेत राज्य के उत्तर—मध्य, उत्तर—पूर्व और दक्षिण—पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की आशंका है। इधर, राज्य में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत की खबर है। औरंगाबाद के बारूण में वज्रपात की घटना में एक महिला की मौत हो गयी। वहीं, नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर गांव में ठनका की चपेट में आने से एक किसान की मौत की खबर है। दूसरी तरफ मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी।

इधर, पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई जिलों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि बारिश का पानी सड़कों और मुहल्लों में जमा होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————————

प्रदेश में बेमौसम हुयी बारिश के चलते रबी फसलों की बड़े पैमाने पर क्षति हुयी है। मसूर, चना और सरसों की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। बारिश के साथ हवा के चलते कई जगहों पर गेहूँ की फसल खेतों में गिर गयी। बारिश के कारण आम और लीची की फसल को भी बड़े पैमाने पर क्षति हुयी है।

———————————————————————————

आयकर विभाग की टीम ने बक्सर जिले के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक शंभूनाथ सिंह के बिहार और उत्तर प्रदेश स्थित बाईस ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर चोरी के मामले में शंभूनाथ सिंह के पटना के बिहटा, भोजपुर के आरा, बक्सर और उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पैंतीस लाख रूपये नकद, सोने–चांदी के आभूषण तथा जमीन और निवेश के कई कागजात मिले हैं। विभाग की टीम को उसके चार होटलों की जानकारी मिली है, जिसमें तीन होटल बिहटा और एक होटल आरा में है। इसके अलावा विधायक द्वारा एक निजी अस्पताल के निर्माण का भी पता चला है। आयकर विभाग की टीम ने विधायक और उनके परिजनों से लंबी पूछताछ भी की है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रत्यय अमृत को गृह विभाग का नया अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन्नीस सौ इक्यानवे बैच के अधिकारी हैं। श्री अमृत ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र, राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों को रेलवे और हवाई अड्डों जैसी सरकारी सम्पत्तियों से सभी अनधिकृत राजनीतिक पोस्टरों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं। आयोग को कई पक्षों से शिकायतें मिल रही हैं कि अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन देश के कई स्थानों पर अभी भी प्रदर्शित किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों का अनुपालन नहीं होने या आंशिक अनुपालन होने को गम्भीरता से लिया है। आयोग ने इस मामले में अनुपालन रिपोर्ट आज शाम पांच बजे तक भेजने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

चुनाव आयोग ने इंटरनेट के माध्यम से फैलने वाले भ्रामक समाचार और अफवाहों को रोकने के लिए पटना कार्यालय में इंटरनेट मीडिया सेल का गठन किया है। इस टीम का काम चुनाव प्रक्रिया के दौरान फेक न्यूज की पहचान करना और उसकी रिपोर्ट करना है। यह टीम सर्च इंजन आप्टिमाइजेशन तकनीक के प्रयोग से भ्रामक खबरों और अफवाहों पर नजर रख रही है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव अभियान के दौरान एक साथ काफी संख्या में मैसेज भेजने को चुनाव खर्च में जोड़ा जायेगा। आयोग ने इस संबंध में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि बल्क मैसेज पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नजर रखेंगे और इसकी रिपोर्ट मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपेगे।

———————————————————————————

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद बिना अनुमति के होली मिलन समारोह आयोजित करने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन्होंने औरंगाबाद के नबीनगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। इधर, पूर्वी चंपारण जिले के दरपा थाना में यूट्यूबर मनीष कश्यप समेत दस अज्ञात लोगों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया है।

———————————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, इकतीस मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को इकतीस मार्च को लेन–देन के लिए खुला रखने के अनुरोध के बाद आया है।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट को केंद्र सरकार की तथ्य जांच इकाई के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है।

---

केन्द्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों और पुलों से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलायेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और अन्य एजेंसियों को आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने अतिक्रमण हटाने से संबंधित कार्रवाई की रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड करने का निर्देश दिया है।

---

बक्सर जिले के चौसा स्थित पावर प्लांट के पास पुलिस और किसानों के बीच हुयी हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने बीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्थिति को देखते हुए घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। गौरतलब है कि जमीन के बदले मुआवजे की मांग को लेकर थर्मल स्टेशन के बाहर किसानों के प्रदर्शन के दौरान यह झड़प हुयी थी।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पेपर लीक मामले में पटना स्थित विशेष अदालत ने मुख्य आरोपी विशाल कुमार चौरसिया, अभिषेक कुमार और विक्की कुमार को दो दिनों की रिमांड पर आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दिया है। ईओयू इन सभी से पूछताछ करेगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का डिग्री कॉलेज से नामांकन स्थानांतरित कर इंटर स्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन लेने के निर्देश दिये हैं। समिति ने इस संबंध में विज्ञापन जारी कर दिया है। इसके अनुसार सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस में बारहवीं कक्षा की पढ़ाई डिग्री कॉलेजों में नहीं होगी। बिहार बोर्ड ने नामांकन स्थानांतरित करने के लिए ऑनलाइन लिंक जारी कर दिया है। विद्यार्थी ओएफएसएस पोर्टल पर आज से तीस मार्च तक विद्यालयों का विकल्प भर सकते हैं।

---

राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पीजी परीक्षा अब तेईस जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा सात जुलाई को होनी थी। इस बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एन टी ए ने कहा है कि लोकसभा चुनावों के कारण चौबीस मई को निर्धारित श्रेष्ठ – एनईटीएसई परीक्षा अब ग्यारह मई को होगी।

---

आज महान शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की जयंती है।

–––संगीत–––

बक्सर जिले के डुमरांव में वर्ष उन्नीस सौ सोलह में जन्मे बिस्मिल्लाह खां को शहनाई का पर्याय माना जाता है। सबसे कठिन वाद्‌ययंत्र शहनाई के वादन ने उन्हें विश्व में प्रतिष्ठित स्थान दिलाया। संगीत जगत के कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के अलावा वर्ष दो हजार एक में उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। देश की कई पीढ़ियां दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मंगल धुनों से उनकी शहनाई सुनकर बड़ी हुई हैं।

–––संगीत–––

इस महान शहनाई वादक को उनकी जयंती पर डुमरांव सहित देश और प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।

---

बिहार पुलिस की गोरखा और स्वाभिमान बटालियन में अलग से नियुक्ति होगी। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन दोनों बटालियन में नियुक्ति के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। गोरखा बटालियन में गोरखा संप्रदाय के लोगों की बहाली होती है, जबकि स्वाभिमान बटालियन, अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित है।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने तकनीकी कारणों से इक्कीस मार्च से इकतीस मार्च तक पांच जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया है। इनमें बरौनी– समस्तीपुर डेमू पैसेंजर स्पेशल, सोनपुर–छपरा मेमू पैसेंजर स्पेशल और समस्तीपुर– मुजफ्फरपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। वहीं, दानापुर–बरौनी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का आंशिक समापन मोकामा और पटना–बरौनी मेमू पैसेंजर ट्रेन का आंशिक समापन विद्यापतिधाम में किया जाएगा।

———————————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के कुख्यात अपराधी मोनू को उसके एक सहयोगी के साथ पुलिस ने मेजरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरबारी ढाला के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर एक लाख रूपये का ईनाम था।

———————————————————————————————

अररिया जिले के सिकटी, फुलकाहा और ताराबाड़ी से पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द किये जाने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– बीपीएससी माना– पेपर लीक हुआ।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है– राजद विधायक शंभूनाथ के बाईस ठिकानों पर छापे, पैंतीस लाख रूपये मिले।

**प्रभात खबर** लिखता है– कॉलेजों में बारहवीं पढ़ रहे छात्र जायेंगे स्कूल। बिहार बोर्ड ने जारी किया लिंक। स्थानांतरित करने के लिए आज से भर सकते हैं विकल्प।

**दैनिक जागरण** ने मौसम की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखा है– आज भी होगी वर्षा, कई जिलों में होली के समय वर्षा की संभावना।

**आज** अखबार की बड़ी खबर है– विश्वविद्यालयों में भरेंगे जायेंगे शिक्षकों के पद। कुलपतियों की बैठक में राज्यपाल ने दिये निर्देश।

**राष्ट्रीय सहारा** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले में केन्द्र सरकार के सुप्रीम कोर्ट में जवाब पर लिखता है– मुख्य न्यायाधीश का होना निष्पक्षता की गारंटी नहीं।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. राज्य के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज भी सुपौल, अररिया, दरभंगा, कटिहार और भागलपुर समेत कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

02. आयकर विभाग ने ब्रह्मपुर से राजद विधायक शंभूनाथ सिंह के बिहार और उत्तर प्रदेश स्थित बाईस ठिकानों पर छापेमारी की। पैंतीस लाख रूपये नकद, आभूषण तथा जमीन और निवेश के कई दस्तावेज बरामद।

03. निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में प्रत्यय अमृत को गृह विभाग का नया अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।

04. और, बक्सर जिले के चौसा पावर प्लांट के पास पुलिस और किसानों के बीच हुयी झड़प मामले में बीस आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।